**Set~4**

**Series 1HKPΩ6/C**

**Code No. 63**

Roll No. | | | | | | | | |

Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.

- Please check that this question paper contains **10** printed pages.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **31** questions.
- **Please write down the serial number of the question in the answer-book before attempting it.**
- 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

# PSYCHOLOGY (Theory)

*Time allowed : 3 hours* *Maximum Marks : 70*

***General Instructions :***

- *All questions are compulsory except where internal choice has been given.*
- *Answers should be brief and to the point. Marks for each question are indicated against it.*
- *Questions No.* ***1 – 14*** *in* ***Section I*** *are objective type questions carrying* ***1*** *mark each. You are expected to answer them as directed.*
- *Questions No.* ***15 – 16*** *in* ***Section II*** *are case based with objective type questions.*
- *Question No.* ***15*** *has* ***three*** *questions carrying* ***1*** *mark each.*
- *Question No.* ***16*** *has* ***four*** *questions carrying* ***1*** *mark each.*
- *You are expected to answer each one of them.*
- *Questions No.* ***17 – 22*** *in* ***Section III*** *are very short answer type questions carrying* ***2*** *marks each. Answer to each question should not exceed* ***30*** *words.*
- *Question No.* ***23 – 25*** *in* ***Section IV*** *are short answer type-I questions carrying* ***3*** *marks each. Answer to each question should not exceed* ***60*** *words.*
- *Questions No.* ***26 – 29*** *in* ***Section V*** *are short answer type-II questions carrying* ***4*** *marks each. Answer to each question should not exceed* ***100*** *words.*
- *Questions No.* ***30 and 31*** *in* ***Section VI*** *are long answer type questions carrying* ***6*** *marks each. Answer to each question should not exceed* ***200*** *words.*

## SECTION I

**1.** (a) __________ is a preference for engaging in a particular activity. *1*

(A) Creativity

(B) Passion

(C) Interest

(D) All of the above

**OR**

(b) Ranbir will be taking an assessment for his linguistic aptitude. The psychologist is most likely to use __________ test/tests. *1*

(A) Intelligence and aptitude

(B) Non-verbal aptitude

(C) Performance and aptitude

(D) Independent aptitude

**2.** Which of the following is ***not*** true about creativity ? *1*

(A) Creativity is the ability to produce ideas, objects, or problem solutions that are novel, appropriate and useful.

(B) Certain level of intelligence is necessary to be creative, but a high level of intelligence, however, does not ensure that a person would certainly be creative.

(C) A general feature of most of the creativity tests is that they have a specified answer to questions or problems.

(D) None of the above

**3.** _________ refers to the totality of an individual's conscious experiences, ideas, thoughts and feelings with regard to herself/himself. *1*

(A) Social identity

(B) Self

(C) Self-efficacy

(D) Personal self

**4.** Direct methods of personality assessment like self-report measures cannot uncover the __________ of our behaviour. *1*

(A) Unconscious part

(B) Stressful part

(C) Hassles

(D) Conscious part

**5.** Ananya is in a state of physical, emotional and psychological exhaustion. Thus, she is experiencing __________ . *1*

(A) Resistance

(B) Coping

(C) Burnout

(D) Breakdown

**6.** Armaan was overly stressed. Thus, he is most likely to expose himself to __________ . *1*

(A) Burnout

(B) Pathogens

(C) Coping

(D) Antibodies

**7.** When Rajat was diagnosed with schizophrenia, he assumed awkward, bizarre positions for long periods of time. Thus, he was exhibiting _________ . *1*

(A) Catatonic rigidity

(B) Catatonic stupor

(C) Catatonic posturing

(D) All of the above

**8.** (a) Individuals with autism spectrum disorder tend to experience difficulties in starting, maintaining and even understanding relationships. Moreover, __________ *1*

(A) About 90 per cent of children with autism spectrum disorder do not have intellectual disabilities.

(B) They are unable to initiate social behaviour and seem unresponsive to other people's feelings.

(C) They show wide range of interests and repetitive behaviours.

(D) They are able to share experiences with others.

**OR**

(b) _________ is not simply maintenance and survival but also includes growth and fulfilment, i.e., the actualisation of potential. *1*

(A) Well-being

(B) Normality

(C) Ideal behaviour

(D) Conformity

**9.** If vague perception of colour is a visual hallucination, then something happening inside the body such as a snake crawling inside one's stomach is a __________ hallucination. *1*

(A) Tactile

(B) Auditory

(C) Somatic

(D) Gustatory

**10.** (a) The special relationship between the client and the therapist is known as the ____________ . *1*

(A) Trust bond

(B) Interpersonal relationship

(C) Therapeutic relationship

(D) Unconditional positive regard

**OR**

(b) ____________ are those factors which lead to the persistence of the faulty behaviour. *1*

(A) Psychological factors

(B) Establishing operations

(C) Antecedent operations

(D) Maintaining factors

**11.** Vinita is in the rehabilitation centre. The aim of rehabilitation is to empower her to become self-sufficient. ___________ is given to her, wherein she is helped to gain skills necessary to undertake productive employment. *1*

(A) Cognitive retraining

(B) Vocational training

(C) Social skills training

(D) All of the above

**12.** (a) Ashok has a somewhat positive attitude towards empowerment of women. When he read about Kalpana Chawla's achievements, his attitude became more positive. This would be a/an ____________ change. *1*

(A) Extreme

(B) Simple

(C) Congruent

(D) Incongruent

**OR**

(b) Ashima is planning to buy a refrigerator. She will be more convinced by a refrigeration engineer who points out the special features of a particular brand of refrigerator, than she would be by a neighbour's child who might give the same information. This is because of ____________ of the source. *1*

(A) Credibility

(B) Attractiveness

(C) Emotional appeal

(D) Rational appeal

**13.** (a) During the COVID-19 pandemic, our society has witnessed many deplorable instances of discrimination, with prejudice. If you devise a plan to handle prejudice, it will include _______________ . *1*

(A) Minimising opportunities for learning prejudices

(B) Changing such attitudes

(C) De-emphasising a narrow social identity based on the in-group

(D) All of the above

**OR**

(b) Anvita has a positive attitude towards the education of the children belonging to the economically weaker sections in her colony. She takes an extra effort to contribute by teaching them during the weekend. This is the ____________ component of her attitude. *1*

(A) Cognitive

(B) Affective

(C) Behavioural

(D) None of the above

**14.** Members of __________ often have complementary skills and are committed to a common goal or purpose. Members are mutually accountable for their activities. *1*

(A) Teams

(B) Crowd

(C) Audience

(D) Group

## SECTION II

**15.** Read the given case carefully and answer the questions that follow : *3×1=3*

Wrestler Khashaba Dadasaheb Jadhav was the first Indian to win an individual Olympic medal in the 1952 Games held at Helsinki. He is also the only one among the entire lot of the country's Olympic medalists to not have been conferred with the Padma Awards. For nearly half a century, he was India's forgotten hero.

Khashaba Dadasaheb overcame financial limitations to reach Helsinki. His travel was sponsored by close friends and well-wishers. Shri Khardekar, the Principal of his College, further mortgaged his house for ₹ 7,000, while the shopkeepers of Karad and his friends arranged for his kit.

This was playing in Jadhav's mind. He wanted to give something back to everybody who stood by him.

When Khashaba Dadasaheb Jadhav wrestled his way to the bronze medal in the freestyle (bantamweight, 57 kg) category at the 1952 Helsinki Olympics, India rejoiced as it was its first individual medal after Independence.

By defeating wrestlers from Mexico, Canada and Germany to clinch the bronze, Khashaba Dadasaheb repaid the support. Though the men's hockey team also returned with a gold medal, the star of the Indian contingent was the wrestler.

But the 'Pocket Dynamo', as he was called, felt it could have been better if there were superior facilities back home.

(i) Stress due to financial limitations had not deterred K.D. Jadhav to be low on motivation. Thus, this stress can be rightly said to be ____________ .

(A) Distress
(B) Eustress
(C) Passion
(D) Strain

(ii) Shri Khardekar, the Principal of his College, mortgaged his house for ₹ 7,000, while the shopkeepers of Karad and his friends arranged for his kit.
The nature of the above mentioned support is most likely to be ___________ support.

(A) Emotional
(B) Social
(C) Informational
(D) Tangible

(iii) K.D. Jadhav had a sense of personal commitment to what he was doing, a sense of control over his life, and a feeling of challenge to beat his opponent.
These are particularly referred to as the personality traits of ______________ .

(A) Assertiveness
(B) Hardiness
(C) Rational thinking
(D) Time management

**16.** (a) Read the given case carefully and answer the questions that follow : *4×1=4*

Harish belonged to a family of four children, him being the eldest. Unlike any first born, he was not given the attention he should have had. His father worked as an accountant, while his mother stayed at home to look after the kids. He dropped out of school and could barely manage to get work for a little salary.

His relationship with his family played an important role in building his disposition. He felt a certain feeling of insecurity with his siblings, especially his brother Tarun, who was able to finish college because of parental support.

Due to the hopelessness Harish felt, he started engaging in drinking alcohol with his high school friends. Parental negligence caused emotional turmoil. He also had insomnia which he used as a reason for drinking every night.

Over time, Harish had to drink more to feel the effects of the alcohol. He got grouchy or shaky and had other symptoms when he was not able to drink or when he tried to quit.

In such a case, the school would be the ideal setting for early identification and intervention. In addition, his connection to school would be one of the most significant protective factors for substance abuse. His school implemented a variety of early intervention strategies which did not help him as he was irregular and soon left school. Some protective factors in school would be the ability to genuinely experience positive emotions through good communication.

(i) It has been found that certain family systems are likely to produce abnormal functioning in individual members.

In the light of the above statement, the factors underlying Harish's condition can be related to _________ model.

(A) Humanistic
(B) Behavioural
(C) Socio-cultural
(D) Psychodynamic

(ii) Over time, Harish needed to drink more before he could feel the effects of the alcohol. This means that he built a ___________ towards the alcohol.

(A) Withdrawal
(B) Tolerance
(C) Stress inoculation
(D) All of the above

(iii) He got grouchy or shaky and had other symptoms when he was not able to drink or when he tried to quit. This refers to ____________ .

(A) Low willpower symptoms
(B) Addiction symptoms
(C) Withdrawal symptoms
(D) Tolerance symptoms

(iv) Which of the following is ***not*** true about substance related and addictive disorders ?

(A) Alcoholism unites millions of families through social interactions and get-togethers.
(B) Intoxicated drivers are responsible for many road accidents.
(C) It also has serious effects on the children of persons with this disorder.
(D) Excessive drinking can seriously damage physical health.

**OR**

16(b) Read the given case carefully and answer the questions that follow : *4×1=4*

Monty was only 16 years when he dealt with mixed emotions for every couple of months. He shares that sometimes he felt like he was on top of the world and that nobody could stop him. He would be extremely confident. Once these feelings subsided, he would become depressed and lock himself in the room. He would neither open the door for anyone nor come out.

He shares, "My grades were dropping as I started to breathe rapidly and worry about almost everything under the sun. I felt nervous, restless and tense, with an increased heart rate. My family tried to help but I wasn't ready to accept." His father took him to the doctor, who diagnosed him. Teenage is a tough phase

as teenagers face various emotional and psychological issues. How can one differentiate that from a disorder ? Watch out when one is hopeless and feels helpless. Or, when one is not able to control the powerful emotions. It has to be confirmed by a medical practitioner.

During his sessions, Monty tries to clear many myths. He gives his perspective of what he experienced and the treatment challenges. "When I was going through it, I wish I had met someone with similar experiences so that I could have talked to her/him and understood why I was behaving the way I was. By talking openly, I hope to help someone to cope with it and believe that it is going to be fine one day."

Now, for the last five years Monty has been off medication and he is leading a regular life. Society is opening up to address mental health issues in a positive way, but it always helps to listen to someone who has been through it.

(i) Monty's symptoms are likely to be those of _________ .

(A) ADHD and anxiety disorder

(B) Bipolar disorder and generalised anxiety disorder

(C) Generalised anxiety disorder and oppositional defiant disorder

(D) Schizophrenia

(ii) During his sessions, Monty tried to clear many myths. Which one of the following is a myth ?

(A) Normality is the same as conformity to social norms.

(B) Adaptive behaviour is not simply maintenance and survival but also includes growth and fulfilment.

(C) People are hesitant to consult a doctor or a psychologist because they are ashamed of their problems.

(D) Genetic and biochemical factors are involved in causing mental disorders.

(iii) With an understanding of Monty's condition, which of the following is a likely symptom he may also be experiencing ?

(A) Frequent washing of hands

(B) Assuming alternate personalities

(C) Persistent body related symptoms, which may or may not be related to any serious medical condition

(D) Prolonged, vague, unexplained and intense fears that are not attached to any particular object

(iv) Teenage is a tough phase as teenagers face various emotional and psychological issues. The disorder manifested in the early stage of development is classified as __________ .

(A) Feeding and eating disorder

(B) Trauma and stressor related disorder

(C) Neurodevelopmental disorder

(D) Somatic symptom disorder

## SECTION III

**17.** Briefly summarise the concept of situationism by giving an example. *2*

**18.** Enlist the four areas of self-esteem. *2*

**19.** (a) Latika worked for a multinational company. She was shifting houses due to frequent transfers. During this time, she also lost her father to a major heart ailment. This caused a lot of stress. Explain this particular source of stress that Latika faced. *2*

**OR**

(b) Tahir is unable to decide whether to study dance or music as he likes both. Is he frustrated or facing a conflict ? Explain very briefly. *2*

**20.** The seventeenth and eighteenth centuries were known as the Age of Reason and Enlightenment. What is the main characteristic feature of this period ? *2*

**21.** Namita is a psychotherapist. She aims for the client to become aware of her/his choices in life and relating to one's social environment in a more creative and self-aware manner. What are the other aims that she needs to fulfill ? *2*

**22.** (a) If you form a committee to plan for the annual day in your school, you will see how everyone goes ahead. Give everyone full autonomy to do all the planning. Other members of the class also observe each other as they function.

Enlist the stages that you feel are likely to emerge. *2*

**OR**

(b) Do you think extreme cohesiveness of a group is always in a group's interest ? State your answer with a valid reason. *2*

## SECTION IV

**23.** (a) Distinguish between psychometric approach and information-processing approach. *3*

**OR**

(b) Differentiate among verbal, non-verbal and performance tests. *3*

**24.** Explain the various techniques of self-control. *3*

**25.** Explain the concepts of cognitive distortions and core schemas to develop an understanding of Aaron Beck's cognitive therapy. *3*

## SECTION V

**26.** Abira integrates different experiences in an original way to suggest novel solutions. According to Sternberg, she is high on which type of intelligence ? *4*

**27.** (a) Explain the GAS model given by Selye. State the criticisms of this model. *4*

**OR**

(b) Explain the theory of cognitive appraisal as given by Lazarus. *4*

**28.** Rajesh worries all the time. He is unable to control his preoccupation with the thought of checking and counting things again and again. He reports frequent preoccupation with the same thought. From these symptoms, identity this disorder. What else can it lead to ? Explain. *4*

**29.** Asif took up cycling and joined the reputed cycling club. He was introduced to this club by his friend. Why do you think Asif joined this renowned cycling club ? Explain the reasons. *4*

## SECTION VI

**30.** (a) Anand wants to become a musician even though he belongs to a family of doctors. He wishes to fulfill his potential. Using Carl Rogers' terminology, describe this perspective as revealed by Anand's personality. *6*

**OR**

(b) Majid belongs to a family of farmers. His uncle and cousins are mostly like him as they too belong to an agricultural society. He is socialised to be obedient to elders, nurturant to youngsters and responsible to his duties.

Referring to Majid, how does cultural approach attempt to understand personality in relation to the features of ecological and cultural environment ? How would the same be impacted by non-agricultural societies ? Explain. *6*

**31.** (a) Is behaviour always a reflection of one's attitude ? Explain with the help of suitable examples. *6*

**OR**

(b) Are attitudes learnt ? Explain how. Give relevant examples. *6*

Set~4

Series 1HKP'Ω6/C

कोड नं. **63**

रोल नं. | | | | | | | | |

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **10** हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **31** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

# मनोविज्ञान (सैद्धान्तिक)

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* *अधिकतम अंक : 70*

***सामान्य निर्देश :***

- *जिन प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं, उनके अतिरिक्त सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।*
- *आपके उत्तर संक्षिप्त और प्रश्न के अनुकूल होने चाहिए । प्रत्येक प्रश्न के अंक उनके सामने दर्शाए गए हैं ।*
- ***खण्ड I** में प्रश्न संख्या **1 – 14** वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के लिए **1** अंक निर्धारित है । इनके उत्तर निर्देशानुसार दीजिए ।*
- ***खण्ड II** में प्रश्न संख्या **15 – 16** केस पर आधारित वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं ।*
- *प्रश्न संख्या **15** में **तीन 1**-अंकीय प्रश्न हैं ।*
- *प्रश्न संख्या **16** में **चार 1**-अंकीय प्रश्न हैं ।*
- *आपसे इन सभी प्रश्नों का उत्तर देने की अपेक्षा की जाती है ।*
- ***खण्ड III** में प्रश्न संख्या **17 – 22** अति लघुत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं, जिनमें से प्रत्येक के लिए **2** अंक निर्धारित हैं । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **30** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*
- ***खण्ड IV** में प्रश्न संख्या **23 – 25** लघुत्तरीय प्रकार I वाले प्रश्न हैं, जिनमें प्रत्येक के लिए **3** अंक निर्धारित हैं । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **60** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*
- ***खण्ड V** में प्रश्न संख्या **26 – 29** लघुत्तरीय प्रकार II वाले प्रश्न हैं, जिनमें प्रत्येक के लिए **4** अंक निर्धारित हैं । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **100** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*
- ***खण्ड VI** में प्रश्न संख्या **30 – 31** दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के लिए **6** अंक निर्धारित हैं । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **200** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

**खण्ड I**

**1.** (a) __________ किसी एक विशिष्ट क्रिया में स्वयं को व्यस्त रखने की वरीयता है । *1*

(A) सर्जनात्मकता

(B) जुनून

(C) अभिरुचि

(D) उपर्युक्त सभी

**अथवा**

(b) रणबीर अपनी भाषागत अभिक्षमता का मूल्यांकन करवाने वाला है । इसके लिए मनोवैज्ञानिक द्वारा __________ परीक्षण/परीक्षणों को करवाने की सर्वाधिक संभावना है । *1*

(A) बुद्धि और अभिक्षमता

(B) अशाब्दिक अभिक्षमता

(C) निष्पादन और अभिक्षमता

(D) स्वतंत्र (विशेषीकृत) अभिक्षमता

**2.** निम्नलिखित में से सर्जनात्मकता के लिए क्या सही ***नहीं*** है ? *1*

(A) सर्जनात्मकता विचारों, वस्तुओं अथवा समस्या समाधान उत्पादित करने की वह योग्यता है जो कि नवीन, उचित व उपयोगी है ।

(B) बुद्धि का एक निश्चित स्तर सर्जनात्मक होने के लिए आवश्यक है, लेकिन उच्च स्तर की बुद्धि, यह सुनिश्चित नहीं करती है कि व्यक्ति निश्चित रूप से सर्जनात्मक होगा ।

(C) अधिकांश सर्जनात्मक परीक्षणों की सामान्य विशेषता यह है कि उनके पास प्रश्नों या समस्याओं का निर्दिष्ट उत्तर होता है ।

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**3.** __________ का तात्पर्य किसी व्यक्ति के स्वयं के संबंध में सचेतन अनुभवों, विचारों, चिंतन और भावनाओं की समग्रता से है । *1*

(A) सामाजिक अनन्यता

(B) आत्म

(C) आत्म-सक्षमता

(D) व्यक्तिगत आत्म

**4.** व्यक्तित्व मूल्यांकन की प्रत्यक्ष विधियाँ यथा आत्म-प्रतिवेदन माप हमारे व्यवहार के __________ पक्ष को उजागर नहीं कर सकतीं । *1*

(A) अचेतन पक्ष

(B) दबावपूर्ण पक्ष

(C) परेशानी

(D) चेतन पक्ष

**5.** अनन्या शारीरिक, संवेगात्मक और मनोवैज्ञानिक परिश्रांति की स्थिति में है । इसलिए, वह __________ का अनुभव कर रही है । *1*

(A) प्रतिरोध

(B) सामना करना

(C) बर्नआउट

(D) ब्रेकडाउन

**6.** अरमान अत्यधिक दबाव में था । इसलिए, उसको खुद को ____________ के समक्ष उजागर करने की सर्वाधिक संभावना है । *1*

(A) बर्नआउट

(B) रोगजनकों

(C) सामना करना

(D) रोगप्रतिकारकों

**7.** जब रजत मनोविदलता से ग्रस्त पाया गया, तो दीर्घकाल तक वह अनुपयुक्त व विचित्र मुद्राओं का प्रदर्शन करता रहा । इस प्रकार वह __________ का प्रदर्शन कर रहा था । *1*

(A) कैटाटोनिक दृढ़ता

(B) कैटाटोनिक जड़िमा

(C) कैटाटोनिक संस्थिति

(D) उपर्युक्त सभी

**8.** (a) स्वलीनता वर्णक्रम विकार से ग्रस्त व्यक्तियों को संबंधों को प्रारंभ करने, निभाने और यहाँ तक कि संबंधों को समझने में भी कठिनाई होती है । साथ ही ____________ *1*

(A) स्वलीनता वर्णक्रम विकार से ग्रस्त 90 प्रतिशत बच्चों में बौद्धिक अशक्तताएँ नहीं होतीं ।

(B) वे सामाजिक व्यवहार प्रारंभ करने में असमर्थ होते हैं और अन्य लोगों की भावनाओं के प्रति अनुक्रियाशील प्रतीत नहीं होते हैं ।

(C) वे अनेक प्रकार की अभिरुचियाँ प्रदर्शित करते हैं और इनके व्यवहार पुनरावर्ती होते हैं ।

(D) वे अनुभवों को दूसरों के साथ बाँटने में समर्थ होते हैं ।

**अथवा**

(b) ___________ केवल भरण-पोषण और अतिजीविता ही नहीं है बल्कि उसमें विकास और संतुष्टि अर्थात् क्षमताओं का पूर्ण विकास भी सम्मिलित है । *1*

(A) कुशल-क्षेम

(B) सामान्यता

(C) आदर्श व्यवहार

(D) अनुरूपता

**9.** यदि रंगों का अस्पष्ट प्रत्यक्षण एक दृष्टि विभ्रांति है, तो शरीर के अंदर घटित होने वाली कोई क्रिया जैसे पेट में साँप का रेंगना एक ___________ विभ्रांति है । *1*

(A) स्पर्शी

(B) श्रवण

(C) दैहिक

(D) रससंवेदी

**10.** (a) सेवार्थी और चिकित्सक के बीच का विशेष संबंध __________ के रूप में जाना जाता है । *1*

(A) विश्वास संबंध

(B) पारस्परिक संबंध

(C) चिकित्सात्मक संबंध

(D) अशर्त सकारात्मक आदर

**अथवा**

(b) ___________ वे कारक हैं, जो दोषपूर्ण व्यवहार के स्थायित्व का कारण बनते हैं । *1*

(A) मनोवैज्ञानिक कारक

(B) स्थापक संक्रिया

(C) पूर्ववर्ती संक्रिया

(D) संपोषण कारक

**11.** विनीता पुन:स्थापन केन्द्र में है । पुन:स्थापन का उद्देश्य उसे आत्मनिर्भर बनने के लिए सशक्त बनाना है । उसे __________ दिया जाता है, जिसमें उत्पादक रोज़गार के लिए आवश्यक कौशल हासिल करने में उसकी मदद की जाती है । *1*

(A) संज्ञानात्मक पुन:प्रशिक्षण

(B) व्यावसायिक प्रशिक्षण

(C) सामाजिक कौशल प्रशिक्षण

(D) उपर्युक्त सभी

**12.** (a) महिला सशक्तिकरण के प्रति अशोक की अभिवृत्ति कुछ सकारात्मक है । जब उसने कल्पना चावला की उपलब्धियों के बारे में पढ़ा तो उसकी अभिवृत्ति और भी सकारात्मक हो गयी । यह एक _________ परिवर्तन होगा । *1*

(A) चरम

(B) सरल

(C) सर्वसम/संगत

(D) विसंगत

**अथवा**

(b) आशिमा एक फ्रिज खरीदने की योजना बना रही है । वह अपने पड़ोसी के बच्चे द्वारा बताई गई एक विशेष ब्रांड के फ्रिज की विशेषताओं के मुकाबले एक रिफ्रिजरेशन इंजीनियर द्वारा बताई गई उन्हीं विशेषताओं से अधिक प्रभावित होगी । ऐसा स्रोत की ____________ की वजह से होता है । *1*

(A) विश्वसनीयता

(B) आकर्षकता

(C) सांवेगिक अपील

(D) तार्किक अपील

**13.** (a) कोविड–19 महामारी के दौरान हमारे समाज ने पूर्वाग्रह के साथ भेदभाव के कई खेदजनक उदाहरण देखे । यदि आप किसी पूर्वाग्रह को दूर करने या संभालने की योजना बनाते हैं, तो निम्नलिखित में से किसे शामिल करेंगे ? *1*

(A) पूर्वाग्रहों के अधिगम के अवसरों को कम करना

(B) ऐसी अभिवृत्तियों को परिवर्तित करना

(C) अंत: समूह पर आधारित संकुचित सामाजिक अनन्यता के महत्त्व को कम करना

(D) उपर्युक्त सभी

**अथवा**

(b) अन्विता अपनी कॉलोनी के आर्थिक रूप से कमज़ोर बच्चों की शिक्षा के प्रति सकारात्मक अभिवृत्ति रखती है । वह सप्ताहांत में उन्हें पढ़ाकर योगदान देने का अतिरिक्त प्रयास करती है । यह उसकी अभिवृत्ति का ____________ घटक है । *1*

(A) संज्ञानात्मक

(B) भावात्मक

(C) व्यवहारपरक

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**14.** __________ के सदस्यों में प्राय: पूरक कौशल होते हैं और वे एक समान लक्ष्य या उद्देश्य के प्रति प्रतिबद्ध होते हैं । सदस्य अपने क्रियाकलापों के लिए परस्पर उत्तरदायी होते हैं । *1*

(A) टीम या दल

(B) भीड़

(C) दर्शकगण

(D) समूह

## खण्ड II

**15.** निम्नलिखित केस (व्यक्ति अध्ययन) को ध्यानपूर्वक पढ़कर इसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : *3×1=3*

पहलवान के.डी. जाधव (खशाबा दादासाहेब जाधव) सन् 1952 में हेलसिंकी में आयोजित ओलंपिक खेलों में व्यक्तिगत ओलंपिक पदक जीतने वाले पहले भारतीय थे । देश के सभी ओलंपिक विजेताओं में से वही एकमात्र ऐसे खिलाड़ी हैं, जिन्हें पद्म पुरस्कार से सम्मानित नहीं किया गया । लगभग आधी शताब्दी तक वह भारत के गुमनाम नायक थे ।

खशाबा दादासाहेब ने हेलसिंकी तक पहुँचने के लिए सभी आर्थिक बाधाओं को पार किया । उनकी यात्रा उनके मित्रों और शुभचिंतकों द्वारा प्रायोजित की गई थी । उनके कॉलेज के प्राचार्य श्री खार्डेकर ने अपने घर को ₹ 7,000 में गिरवी रख दिया । कराड के दुकानदारों और उनके मित्रों ने उनकी किट की व्यवस्था की ।

पहलवान जाधव के मन में इन सभी के प्रति आभार था । वह अपने हर मददगार को कुछ देना चाहते थे ।

जब के.डी. जाधव ने सन् 1952 के हेलसिंकी ओलंपिक खेलों में फ्रीस्टाइल (बेंटमवेट, 57 किलोग्राम) वर्ग कुश्ती प्रतियोगिता में काँस्य पदक जीता तो स्वतंत्रता के बाद भारत में इस स्तर पर किसी भारतीय द्वारा जीता जाने वाला पहला व्यक्तिगत पदक था । इस पदक को जीतने पर पूरे भारत में खुशी की लहर दौड़ गई ।

मेक्सिको, कनाडा और जर्मनी के पहलवानों को हराकर और काँस्य पदक जीतकर खशाबा दादासाहेब ने अपने समर्थकों की मदद का मूल्य चुका दिया । यद्यपि पुरुष हॉकी टीम इन खेलों में स्वर्ण पदक जीतकर लौटी थी तथापि भारतीय दल का सितारा और गौरव यही पहलवान था ।

लेकिन 'पाकेट डायनमो' कहलाए जाने वाले इस पहलवान का मत था कि यदि देश में बेहतर सुविधाएँ होतीं तो उनका प्रदर्शन बेहतर हो सकता था ।

(i) वित्तीय सीमाओं के कारण होने वाले दबाव ने के.डी. जाधव की अभिप्रेरणा को कम नहीं होने दिया । इसलिए, इस प्रकार के दबाव को सही अर्थों में __________ कहा जा सकता है ।

(A) व्यथा
(B) यूस्ट्रेस
(C) जुनून
(D) तनाव

(ii) उनके कॉलेज के प्राचार्य श्री खार्डेकर ने अपने घर को ₹ 7,000 में गिरवी रख दिया जबकि कराड के दुकानदारों और उनके मित्रों ने उनकी किट की व्यवस्था की ।

ऊपर दिए गए अवलंब की प्रकृति __________ अवलंब होने की सर्वाधिक संभावना है ।

(A) सांवेगिक
(B) सामाजिक
(C) सूचनात्मक
(D) मूर्त

(iii) के.डी. जाधव में अपने कार्य के प्रति व्यक्तिगत प्रतिबद्धता, अपने जीवन पर नियंत्रण व अपने प्रतिद्वन्द्वी को हराने की चुनौती देने की भावना थी ।
ये विशेषताएँ __________ के व्यक्तित्व विशेषकों के रूप में जानी जाती हैं ।

(A) आग्रहिता
(B) दृढ़ता
(C) सविवेक चिंतन
(D) समय प्रबंधन

**16.** (a) निम्नलिखित केस (व्यक्ति अध्ययन) को ध्यानपूर्वक पढ़कर इसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : *4×1=4*

हरीश परिवार के चार बच्चों में सबसे बड़ा था । किसी भी पहले जन्म के विपरीत, उस पर ध्यान नहीं दिया गया जो उसे मिलना चाहिए था । उसके पिता एक लेखाकार/मुनीम थे और माँ घर पर रहकर बच्चों की देखभाल करती थी । उसने स्कूली पढ़ाई बीच में ही छोड़ दी और बड़ी मुश्किल से उसे कम वेतन वाला एक काम मिल सका ।

पारिवारिक संबंधों ने उसके स्वभाव-निर्माण में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई । अपने भाई-बहनों के समक्ष वह खुद को थोड़ा असुरक्षित महसूस करता था, विशेष रूप से अपने भाई तरुण के समक्ष, जिसने माता-पिता के सहयोग से कॉलेज की पढ़ाई पूरी कर ली थी ।

निराशा की भावना से ग्रस्त होकर उसने अपने हाई स्कूल के मित्रों के साथ मद्यपान शुरू कर दिया । माता-पिता की लापरवाही से उसके जीवन में भावनात्मक उथल-पुथल हो गई । उसे अनिद्रा रोग भी था और इसके बहाने वह हर रात मदिरापान करता था ।

समय के साथ-साथ हरीश को मद्य के प्रभाव को महसूस करने के लिए और अधिक पीने की आवश्यकता पड़ने लगी । जब भी हरीश मद्यपान नहीं कर पाता था या उसने मद्य छोड़ने की कोशिश की तो उसमें चिड़चिड़ापन, अस्थिरता, कंपन आदि लक्षण दिखाई देते थे ।

ऐसे मामले में विद्यालय किसी समस्या की जल्द पहचान और उसमें हस्तक्षेप के लिए आदर्श होते हैं । इसके अलावा विद्यालय के साथ उसका संबंध मादक द्रव्यों के सेवन के सबसे सुरक्षात्मक कारकों में से एक होगा । उसके विद्यालय ने कई तरह की शुरुआती हस्तक्षेप युक्तियाँ बनाई थीं । उसे इनका लाभ नहीं मिल सका क्योंकि वह अनियमित था और उसने जल्द ही विद्यालय छोड़ दिया था । विद्यालय के सुरक्षात्मक कारकों में से कुछ अच्छे संप्रेषण के माध्यम से सकारात्मक संवेगों को अनुभव करने की योग्यता है ।

(i) ऐसा पाया गया है कि कुछ पारिवारिक व्यवस्थाएँ परिवार के अलग-अलग सदस्यों को अपसामान्य कार्य करने के लिए प्रेरित करती हैं ।

उपर्युक्त कथन के आलोक में हरीश की दशा में अंतर्निहित कारक __________ मॉडल से संबंधित हो सकते हैं ।

(A) मानवतावादी

(B) व्यवहारात्मक

(C) सामाजिक-सांस्कृतिक

(D) मनोगतिक

(ii) समय के साथ-साथ हरीश को मद्य के प्रभाव को महसूस करने के लिए अधिक मद्यपान की आवश्यकता महसूस होने लगी । इसका तात्पर्य है कि उसने मद्य के प्रति ___________ का निर्माण कर लिया ।

(A) विनिवर्तन

(B) सहन करने की क्षमता

(C) दबाव संचारण

(D) उपर्युक्त सभी

(iii) जब भी हरीश मद्यपान नहीं कर पाता था या उसने मद्य छोड़ने की कोशिश की, तो उसमें चिड़चिड़ापन, अस्थिरता, कंपन आदि लक्षण दिखाई देते थे । इसका तात्पर्य है __________ ।

(A) अल्प संकल्प-शक्ति के लक्षण

(B) व्यसनता लक्षण

(C) विनिवर्तन लक्षण

(D) सहन करने की क्षमता के लक्षण

(iv) निम्नलिखित में से कौन-सा कथन मादक द्रव्य से संबंधित और व्यसनकारी विकारों के बारे में सही ***नहीं*** है ?

(A) मद्यव्यसनता सामाजिक अन्योन्यक्रियाओं और मेल-मिलाप द्वारा करोड़ों परिवारों को एक सूत्र में बाँधती है ।

(B) मद्यपान कर गाड़ी चलाने वाले कई सड़क दुर्घटनाओं के लिए ज़िम्मेदार होते हैं ।

(C) मद्यव्यसनिता से ग्रसित लोगों के बच्चों पर भी इसका गंभीर प्रभाव पड़ता है ।

(D) अधिक मद्य पीना शारीरिक स्वास्थ्य को गंभीर रूप से खराब कर सकता है ।

**अथवा**

16(b) निम्नलिखित केस (व्यक्ति अध्ययन) को ध्यानपूर्वक पढ़कर इसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : *4×1=4*

मोंटी केवल सोलह साल का था, जब उसने हर महीने-दो महीने में मिश्रित संवेगों का सामना करना प्रारम्भ किया । उसने बताया कि कभी-कभी उसे लगता कि वह दुनिया के शीर्ष पर है और कोई भी उसे नहीं रोक सकता । वह अत्यंत आश्वस्त था । जब ये भावनाएँ समाप्त हो जातीं तो वह उदास हो जाता और अपने-आप को कमरे में बंद कर लेता । न स्वयं बाहर जाता और न किसी को भीतर आने देता ।

उसने बताया, "मेरे ग्रेड नीचे जा रहे थे । अचानक मेरी साँसें तेज़ हो जातीं और दुनिया की हर चीज़ के बारे में चिंता करने लगता । मेरी धड़कनें बहुत तेज़ हो गई थीं और मैं बेचैनी, घबराहट और तनाव महसूस करता था । मेरा परिवार मेरी मदद करना चाहता था, पर मैं इसके लिए तैयार न था ।" अन्तत: उसके पिता उसे डॉक्टर के पास ले गए, जिन्होंने उसका निदान किया । किशोरावस्था जीवन का एक कठिन दौर है क्योंकि किशोरों को अनेक संवेगात्मक और मनोवैज्ञानिक मुद्दों का सामना करना पड़ता है । इस स्थिति को एक विकार से कैसे अलग किया जा सकता है ? जब भी कोई असहाय और निराश महसूस करता है, तो उस पर ध्यान दिया जाना चाहिए । अथवा, यदि कोई अपनी शक्तिशाली भावनाओं/संवेगों को नियंत्रित करने में सक्षम नहीं होता है । इसकी पुष्टि किसी चिकित्सक द्वारा की जानी चाहिए ।

अपने चिकित्सीय सत्रों के दौरान मोंटी कई मिथकों को दूर करने का प्रयास करता है । वह अपने अनुभवों तथा उपचार की चुनौतियों का परिप्रेक्ष्य प्रस्तुत करते हुए कहता है, "जब मैं इन सब अनुभवों से गुज़र रहा था, तब काश मैं ऐसे व्यक्ति से मिला होता जिसने यही सब अनुभव किया है । मैं उनसे बात करता और समझ पाता कि मैं इस प्रकार का व्यवहार क्यों कर रहा हूँ । मुझे उम्मीद है कि इस विषय पर खुलकर बात करने से मैं किसी की मदद कर सकता हूँ और उसे विश्वास दिला सकता हूँ कि एक दिन सब कुछ ठीक हो जाएगा ।"

अब पिछले पाँच वर्षों से मोंटी दवा का सेवन नहीं कर रहा है और एक सामान्य जीवन जी रहा है । यद्यपि समाज में मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े मुद्दों पर सकारात्मक सोच बढ़ रही है तथापि ऐसे अनुभवों से गुज़रे व्यक्तियों के अनुभव सुनना हमेशा लाभप्रद होता है ।

(i) मोंटी के लक्षण _________ के हैं ।

- (A) अवधान-न्यूनता अतिक्रिया विकार (ADHD) और दुश्चिंता विकार
- (B) द्विध्रुवीय विकार और सामान्यीकृत दुश्चिंता विकार
- (C) सामान्यीकृत दुश्चिंता विकार और विरुद्धक अवज्ञाकारी विकार
- (D) मनोविदलता

(ii) अपने चिकित्सीय सत्रों के दौरान मोंटी ने अनेक मिथकों को दूर करने के प्रयास किए । निम्नलिखित में से कौन-सी एक मिथक है ?

- (A) सामान्यता और कुछ नहीं, केवल सामाजिक मानकों के प्रति अनुरूपता है ।
- (B) अनुकूलक व्यवहार केवल भरण-पोषण और अतिजीविता ही नहीं है बल्कि इसमें विकास और संतुष्टि भी सम्मिलित है ।
- (C) लोग चिकित्सक या मनोवैज्ञानिक से परामर्श लेने में हिचकिचाते हैं क्योंकि उन्हें अपनी समस्याओं पर शर्म आती है ।
- (D) आनुवंशिक और जैव-रासायनिक कारक मानसिक विकारों के कारण होते हैं ।

(iii) मोंटी की दशा को ध्यान में रखते हुए बताइए कि निम्नलिखित में से कौन-से संभावित लक्षण भी वह अनुभव कर रहा होगा ?

- (A) बार-बार हाथ धोना
- (B) वैकल्पिक व्यक्तित्व ग्रहण करना
- (C) लगातार होने वाले शारीरिक लक्षण, जो किसी गंभीर चिकित्सीय स्थिति से संबंधित हो भी सकते हैं और नहीं भी
- (D) लंबे समय तक होने वाले, अस्पष्ट, अवर्णनीय और तीव्र भय जो किसी विशिष्ट वस्तु के प्रति जुड़े नहीं होते

(iv) किशोरावस्था जीवन का कठिन दौर है क्योंकि किशोरों को अनेक संवेगात्मक और मनोवैज्ञानिक मुद्दों का सामना करना पड़ता है । विकास के प्रारंभिक चरण में प्रकट होने वाले विकार को किस प्रकार वर्गीकृत किया जाता है ?

(A) पोषण तथा भोजन विकार

(B) अभिघातज और दबाव कारक संबंधित विकार

(C) तंत्रिकाजन्य विकार

(D) कायिक अभिलक्षण विकार

**खण्ड III**

**17.** एक उदाहरण देते हुए स्थितिवाद की अवधारणा को संक्षेप में स्पष्ट कीजिए । *2*

**18.** आत्म-सम्मान के चार क्षेत्रों को सूचीबद्ध कीजिए । *2*

**19.** (a) लतिका एक बहुराष्ट्रीय कंपनी में काम करती थी । निरंतर होने वाले तबादलों की वजह से उसे अक्सर घर बदलना पड़ता था । उसी दौरान गंभीर हृदय-रोग से ग्रस्त उसके पिता का देहांत हो गया । इन घटनाओं का उस पर बहुत दबाव पड़ा । लतिका को होने वाले दबाव के इस विशिष्ट स्रोत के विषय में बताइए । *2*

**अथवा**

(b) ताहिर को नृत्य व संगीत दोनों पसंद हैं, वह निर्णय नहीं कर पा रहा कि नृत्य सीखे या संगीत । क्या वह कुंठा का सामना कर रहा है या द्वंद्व का ? बहुत संक्षेप में व्याख्या कीजिए । *2*

**20.** सत्रहवीं और अठारहवीं शताब्दी को तर्क एवं प्रबोधन का काल कहा जाता है । इस काल की प्रमुख अभिलाक्षणिक विशेषता क्या है ? *2*

**21.** नमिता एक मनश्चिकित्सक है । उसका उद्देश्य अपने सेवार्थी को जीवन में विकल्पों को लेकर अधिक जागरूक बनाना और सामाजिक पर्यावरण से बेहतर ढंग से सर्जनात्मक एवं आत्म-जागरूक तरीकों से अनुकूलन करने में मदद करना है । इसके अतिरिक्त नमिता के क्या उद्देश्य हो सकते हैं जिन्हें उसको पूरा करना आवश्यक हो सकता है ? *2*

**22.** (a) यदि आप अपने विद्यालय के वार्षिक दिवस की योजना बनाने के लिए एक समिति का गठन करेंगे, तो आप देखेंगे कि सभी किस प्रकार आगे बढ़ते हैं । सबको पूर्ण योजना बनाने की पूरी स्वायत्तता दें । कक्षा के दूसरे सदस्य एक-दूसरे का प्रेक्षण करते हैं जब वे कार्य कर रहे होते हैं ।

आपके अनुसार इसमें उभरने वाली विभिन्न अवस्थाओं को सूचीबद्ध कीजिए । *2*

**अथवा**

(b) क्या आपको लगता है कि किसी समूह में उच्च संसक्तता का होना सदा समूह के हित में होता है ? वैध कारण सहित अपना उत्तर दीजिए । *2*

**खण्ड IV**

**23.** (a) मनोमितिक उपागम और सूचना प्रक्रमण उपागम के बीच अंतर स्पष्ट कीजिए । *3*

**अथवा**

(b) शाब्दिक, अशाब्दिक व निष्पादन परीक्षणों में अंतर स्पष्ट कीजिए । *3*

**24.** आत्म-नियंत्रण की विभिन्न तकनीकें स्पष्ट कीजिए । *3*

**25.** आरन बेक की संज्ञानात्मक चिकित्सा को समझने हेतु संज्ञानात्मक विकृतियाँ व मूल अन्विति योजना या मूल स्कीमा की अवधारणाओं को स्पष्ट कीजिए । *3*

## खण्ड V

**26.** अबीरा किसी समस्या के नए प्रकार के समाधान सुझाने हेतु अपने विभिन्न अनुभवों का मौलिक रूप से एकीकरण करती है । स्टर्नबर्ग के अनुसार, उसमें किस प्रकार की बुद्धि की प्रचुरता है ? *4*

**27.** (a) सेल्ये द्वारा प्रदत्त सामान्य अनुकूलन संलक्षण (GAS) प्रतिरूप की व्याख्या कीजिए । इस मॉडल की आलोचना को लिखिए । *4*

**अथवा**

(b) लेज़ारस द्वारा दिए गए संज्ञानात्मक मूल्यांकन के सिद्धांत को स्पष्ट कीजिए । *4*

**28.** राजेश हर समय चिंताग्रस्त रहता है । वह चीजों को बार-बार देखने और उनकी गिनती करने की अपनी ध्यानमग्नता को नियंत्रित करने में असमर्थ है । वह किसी विशेष विचार/विषय पर बार-बार होने वाली ध्यानमग्नता व्यक्त करता है । इन लक्षणों के आधार पर उसके विकार को पहचानिए । इससे उसे और क्या हो सकता है ? स्पष्ट कीजिए । *4*

**29.** आसिफ़ ने साइकिल चलाना सीखा और एक प्रतिष्ठित साइक्लिंग क्लब में प्रवेश ले लिया । इस क्लब के बारे में उसके मित्र ने उसे बताया था । आपके अनुसार आसिफ़ के इस प्रतिष्ठित साइक्लिंग क्लब में प्रवेश लेने के क्या कारण थे ? कारणों को स्पष्ट कीजिए । *4*

## खण्ड VI

**30.** (a) चिकित्सकों के परिवार से होने के बावजूद आनंद एक संगीतज्ञ बनना चाहता है । वह अपनी संभाव्यताओं को उत्कृष्ट तरीके से अभिव्यक्त करना चाहता है । कार्ल रोजर्स की शब्दावली का प्रयोग करते हुए आनंद के व्यक्तित्व द्वारा प्रदर्शित इस परिप्रेक्ष्य का वर्णन कीजिए । *6*

**अथवा**

(b) माजिद का संबंध एक किसान परिवार से है । उसके काका/चाचा और चचेरे भाई भी कृषक समाज के होने के कारण उसी की तरह हैं । उसका समाजीकरण बड़ों के प्रति आज्ञापालन, छोटों के प्रति पोषण का भाव और अपने कर्तव्यों के प्रति उत्तरदायित्व की भावना से हुआ है ।

माजिद के उदाहरण द्वारा समझाइए कि सांस्कृतिक उपागम पारिस्थितिक और सांस्कृतिक पर्यावरण की विशेषताओं के संदर्भ में व्यक्तित्व को समझने का प्रयास किस प्रकार करता है ? ग़ैर-कृषि प्रधान समाजों द्वारा इसे कैसे प्रभावित किया जाएगा ? स्पष्ट कीजिए । *6*

**31.** (a) क्या व्यवहार सदैव व्यक्ति की अभिवृत्ति को प्रतिबिंबित करता है ? उपयुक्त उदाहरणों की सहायता से स्पष्ट कीजिए । *6*

**अथवा**

(b) क्या अभिवृत्तियाँ अधिगत होती हैं ? समझाइए कि वे किस प्रकार अधिगत होती हैं । प्रासंगिक उदाहरण दीजिए । *6*